राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2022/2098 दिनांकः 17.10.22

प्राचार्य/विभागाध्यक्ष,
संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालय/विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर।

विषयः सेमेस्टर–II/IV/VI/VIII/X की प्रायोगिक/आन्तरिक/प्रोजेक्ट/आनन्दम् (सेमेस्टर–द्वितीय व चतुर्थ) परीक्षा–2022 आयोजित करवाये जाने बाबत्।

संदर्भः पत्र क्रमांक उ.कु./गोप. प्रथम/2022/320–324 दिनांक 07.10.2022 की निरन्तरता में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर–II/IV/VI/VIII/X की प्रायोगिक/आन्तरिक/प्रोजेक्ट/आनन्दम् (सेमेस्टर–द्वितीय व चतुर्थ) परीक्षा–2022 के अंक विश्वविद्यालय परीक्षा पोर्टल www.univraj.org पर College Pannel पर दर्ज करने का अंतिम अवसर दिनांक 12.10.2022 के स्थान पर दिनांक 22.10.2022 तक की जाती है।

अतः आपके विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालय में अध्यनरत छात्रों के आन्तरिक मूल्यांकन व प्रायोगिक परीक्षा के अंकों को ऑनलाइन कर अवार्ड्स की हॉर्डकॉपी दिनांक 22.10.2022 तक आवश्यक रूप से गोपनीय अनुभाग को भिजवाये। यदि विभाग/महाविद्यालय द्वारा किसी भी नियमित/पूर्व छात्रों के अंकों को New TRF करके दर्ज किया जाता है तो उन छात्रों की सूची अनिवार्य रूप से कार्यालय को पत्र के माध्यम से प्रेषित करें तथा विभाग/महाविद्यालय द्वारा किसी भी नियमित/पूर्व छात्रों के अंकों को मैनुअल/ऑफलाइन भेजे जाते हैं तो ऐसे अंकों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं करते हुये इनका परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित कर दिया जावेगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा। साथ ही सेमेस्टर–द्वितीय व चतुर्थ में अनिवार्य विषय आनन्दम् परीक्षा–2022 के आन्तरिक मूल्यांकन के अंक भी पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
15.10.2022
परीक्षा नियंत्रक